# U.S.A President

* अमेरिकी राष्ट्रपति पर महाभियोग की शुरुआत प्रतिनिधि सभा में की जाती है।
* यदि प्रतिनिधि सभा बहुमत से राष्ट्रपति को दोषी ठहराती है तो सीनेट में उसपर मुकदमा चलाया जाता है।
* ऐसी हालत में सीनेट एक न्यायालय का रूप धारण कर लेती है, और सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश सीनेट की अध्यक्षता करता है।
* सामान्य परिस्थितियों में संयुक्त राज्य अमेरिका का उपराष्ट्रपति सीनेट का अध्यक्ष होता है।
* यदि सीनेट दो तिहाई बहुमत से महाभियोग की पुष्टि कर दे तो राष्ट्रपति को अपने पद का त्याग करना पड़ेगा।
* अमेरिकी संविधान के करीब 225 वर्षों के इतिहास में 1867 में अमेरिका के सतरहवे राष्ट्रपति एन्ड्र्यु जानसन के विरुद्ध महाभियोग चलाया गया, परन्तु सीनेट ने केवल एक वोट के बहुमत से उन्हें दोषमुक्त ठहराया।
* 1974 में जब प्रतिनिधि सभा ने वाटर गेट काण्ड के मुद्दे पर राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन के विरुद्ध महाभियोग चलाने की तैयारी की तब राष्ट्रपति ने अपने पद से त्यागपत्र देकर यह कारवाई शुरु ही नही होने दी।
* 1999 में जब राष्ट्रपति बिल क्लिंटन पर महाभियोग की कारवाई शुरु हुई तब प्रतिनिधि सभा ने तो उन्हें दोषी माना लेकिन सीनेट ने उन्हें दोषमुक्त कर दिया।

Scanned By Scanner Go

– अमेरिकी संविधान में यह व्यवस्था की गयी है कि यदि राष्ट्रपति की मृत्यु, त्यागपत्र या पदच्युति के कारण यह पद रिक्त हो जाए तो शेष अवधि के लिए उपराष्ट्रपति इस पद को ग्रहण कर लेता है।

– कोई व्यक्ति अपने जीवनकाल में दो बार से ज्यादा राष्ट्रपति पद के लिए नहीं चुना जा सकता।

– शुरू में यह व्यवस्था एक प्रथा के रूप में की गयी थी परन्तु 1940 में जब अमेरिका के 32वें राष्ट्रपति फ्रेंकलिन रूजवेल्ट ने इस प्रथा की अवहेलना कर दी थी तो 1951 के बाइसवें संविधान संशोधन के द्वारा इसे कानूनी रूप दे दिया गया।

क्रमशः

Dr. Rama Kant Pandey
S.R.A.P College
Bara chakia

Pol-Sc (Hons)
Part-II

Scanned By Scanner Go